दिनांक 27-03-2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में संभाग तृतीय के सभागार में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसका विषय था-“करियर ऑपर्चुनिटीज़ इन सेल्स एन्ड मार्केटिंग” । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के मार्गदर्शन में इस सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल ने सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो० दीपक हल्लन (ए० पी० जे० सत्या विश्वविद्यालय, सोहना) से उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वॉट एनालिसिस के बारे में संक्षिप्त में बताया। साथ ही, उन्होंने मार्केटिंग एन्ड सेल्स पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समझाया की ये किस तरह एक दूसरे से भिन्न हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने वीडियो द्वारा विज्ञापन और उसके तकनीक को दर्शाया । विद्यार्थियों ने इस सेमिनार को बड़े उत्साह एवं रूचि के साथ सुना। सेमिनार में प्रबंधन विभाग के सभी प्रवक्तागण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे ।